न्यायालय उप समाहर्ता भूमि सुधार, रंका।

नामांतरण अपील वाद सं0– 02/2019–20

हुसैनी अंसारी बनाम् मेहरूण बीबी

दिनांक	पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश	अभ्युक्ति
25/2/2022	अभिलेख उपस्थापित। अपीलार्थी हुसैनी अंसारी पिता– स्व0 सलामत मियां ग्राम– रंका कला पो0– रंका थाना– रंका जिला– गढ़वा के द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में यह वाद प्रारम्भ किया गया है। अंचल अधिकारी, रंका के द्वारा नामांतरण वाद सं0– 629/2008–09 में मौजा रंका कला के खाता सं0– पुराना – 01 एवं नया– 95 प्लॉट सं0– पुराना– 214 नया– 550 रकबा पुराना– 0.23 ए0 एवं नया– 0.21 ए0 में अंचल अधिकारी द्वारा आदेश में भी दर्शाया गया है कि उक्त भूमि में सभी भाई–बहनों का हक एवं अधिकार है। हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक ने भी प्रतिवेदित किया है कि वर्तमान में खाता सं0– 95 प्लॉट सं0– 550 रकबा– 0.21 ए0 मेहरूण बीबी के नाम से मांग पंजी 2 के पेज सं0– 16/XV में संधारित है जिससे मेहरूण बीबी ने कुल रकबा में से 0.05 ए0 भूमि बिक्रय मुस्तकिम अंसारी को किया है जिसका मांग पंजी 2 के 75/ XV में चल रहा है। साथ ही साथ इन उपरोक्त डिमाण्ड का ऑनलाईन भी हो चुका है। स्थल जॉच के दौराण भी पाया गया कि वर्तमान में मेहरूण बीबी एवं मुस्तकिम अंसारी अपने–अपने प्लॉट पर दखल कब्जा है। अतः न्यायालय सभी बिन्दुओं पर गौर करते हुए नामांरण अपील वाद स0– 02/2019–20 को खारीज किया जाता है। इसी के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। 25.2.22 उप समाहर्ता भूमि सुधार, रंका।	

Digitally signed by PARMESH KUSHWAHA
Date: 2023.11.26 15:58:46 +05:30
Location: 192.168.238.59